

नवभारत 10
सतना, सोमवार, 6 अप्रैल, 2026

# ...अब कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने भी शुरू की जन चौपाल

## हस्तिनापुर में जन-चौपाल, रात्रि विश्राम कर ग्रामीणों की समस्याओं से रूबरू हुए कांग्रेस अध्यक्ष ज्ञान सिंह, सामूहिक भोज के साथ आत्मीय संवाद

नवभारत न्यूज

**सीधी 5 अप्रैल। जन चौपाल की बढ़ती लोकप्रियता को दृष्टिगत रखते हुये अब कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने भी जन चौपाल शुरु की। जन-चौपाल में ग्रामीणों से सीधा संवाद कर समस्याओं की जानकारी लेने के साथ सुझाव भी लिये जा रहे हैं।**

सीधी विधानसभा क्षेत्र के ग्राम हस्तिनापुर में जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष ज्ञान सिंह ने मंडलम अध्यक्ष अशोक नवैत के निवास पर आयोजित जन-चौपाल में सहभागिता करते हुए ग्रामीणों से सीधा संवाद स्थापित किया और कार्यकर्ताओं के बीच रात्रि विश्राम एवं सामूहिक भोजन किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीणों एवं कांग्रेस कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही, जहां लोगों ने अपनी समस्याओं को खुलकर रखा और क्षेत्रीय विकास से जुड़े सुझाव भी साझा किए। जन-चौपाल के दौरान ग्रामीणों ने शिक्षा व्यवस्था में संसाधनों की कमी, स्वास्थ्य सुविधाओं की अनुपलब्धता, जर्जर एवं अधूरी



सड़कों, पेयजल संकट और सिंचाई की समस्याओं को प्रमुखता से उठाया। किसानों ने बताया कि उन्हें समय पर खाद और बीज नहीं मिल पाता जिससे खेती प्रभावित हो रही है। साथ ही बिजली के बढ़ते बिलों ने आम उपभोक्ताओं और किसानों दोनों को आर्थिक रूप से परेशान कर दिया है। इसके अतिरिक्त ग्रामीणों ने मनरेगा में श्रमिकों को पर्याप्त काम न मिलने, मशीनों के माध्यम से कार्य कराए जाने, राशन वितरण में अनियमितताओं, गांव में गौशाला की कमी तथा कानून-व्यवस्था से जुड़ी चिंताओं को भी सामने रखा। राजस्व प्रकरणों के लंबे समय तक लंबित रहने के कारण लोगों को बार-बार कार्यालयों के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं जिससे उनकी परेशानी और बढ़ रही है।


इस अवसर पर ज्ञान सिंह ने एक नई पहल करते हुए गांव में कार्यकर्ताओं के बीच रात्रि विश्राम एवं सामूहिक भोजन किया। उन्होंने कहा कि रात्रि विश्राम के माध्यम से ग्रामीणों के साथ अधिक समय बिताकर उनकी वास्तविक समस्याओं को समझने का अवसर मिलता है जिससे जनप्रतिनिधि और आमजन के बीच आत्मीयता भी बढ़ती है। श्री सिंह ने भाजपा सरकार पर कटाक्ष करते हुए कहा कि आज प्रदेश की जनता मूलभूत सुविधाओं के लिए संघर्ष कर रही है। कानून व्यवस्था कमजोर होती जा रही है, मनरेगा में श्रमिकों को काम नहीं मिल रहा और मशीनों से काम कराए जा रहे हैं। राशन जैसी बुनियादी सुविधा भी सुचारू रूप से उपलब्ध नहीं हो पा रही है वहीं गांवों में गौशालाओं की आवश्यकता होने के बावजूद इस दिशा में ठोस कदम नहीं उठाए जा रहे हैं।

### बिजली के अनाप-शनाप बिलों से आम आदमी त्रस्त

कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने कहा कि बिजली के अनाप-शनाप बिलों से आम आदमी त्रस्त है, किसान खाद और बीज के लिए भटक रहा है तथा राजस्व प्रकरण महीनों तक लंबित पड़े रहते हैं। भाजपा सरकार सिर्फ कागजों और घोषणाओं में विकास दिखा रही है, जबकि जमीनी हकीकत इससे बिल्कुल अलग है।

### जनता की अपेक्षाओं को पूरा करने निरंतर प्रयासरत

ज्ञान सिंह ने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि उनकी समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए जिला स्तर पर अधिकारियों से समन्वय कर हर संभव समाधान कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि वे क्षेत्र के विकास और जनता की अपेक्षाओं को पूरा करने के लिए निरंतर प्रयासरत हैं और आगे भी जनता के बीच इसी तरह पहुंचकर उनकी आवाज को मजबूती से उठाते रहेंगे।



# जिला स्तरीय पुस्तक मेला प्रारंभ सांसद ने किया उद्घाटन

## विद्यार्थियों-अभिभावकों की सक्रिय सहभागिता

नवभारत न्यूज

**सीधी 5 अप्रैल। शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय सीधी में आयोजित दो दिवसीय जिला स्तरीय पुस्तक मेले का शुभारंभ आज सीधी सांसद डॉ.राजेश मिश्रा द्वारा किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष देव कुमार सिंह ने की। मेले में विद्यार्थियों एवं अभिभावकों की उल्लेखनीय सहभागिता रही, जहां एक ही स्थान पर गणवेश, पुस्तकें, बैग, कॉपियां एवं अन्य स्टेशनरी सामग्री उपलब्ध कराई जा रही है। यह मेला 6 अप्रैल को भी जारी रहेगा।**

उद्घाटन अवसर पर सांसद डॉ.राजेश मिश्रा ने पुस्तक मेले की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन शिक्षा के क्षेत्र में अत्यंत उपयोगी हैं। उन्होंने कहा कि एक ही स्थान पर सभी आवश्यक शैक्षणिक सामग्री उपलब्ध होने से अभिभावकों एवं विद्यार्थियों को सुविधा मिलती है तथा समय एवं संसाधनों की बचत होती है। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण सामग्री सुलभ कराने के साथ-साथ अध्ययन के प्रति प्रेरित भी करते हैं। सांसद ने आयोजन को सुव्यवस्थित एवं प्रभावी बताते हुए प्रशासन एवं शिक्षा विभाग की सराहना की। कार्यक्रम में सीईओ जिला पंचायत शैलेन्द्र सिंह सोलंकी, एसडीएम चुरहट विकास आनंद सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। जिला शिक्षा अधिकारी पवन कुमार सिंह ने बताया कि पुस्तक मेले का आयोजन कलेक्टर विकास मिश्रा के मार्गदर्शन में किया जा रहा है। मेले के सफल संचालन में डीपीसी विनय मिश्रा, सहायक संचालक ओशो उत्सव, रमसा एपीसी डॉ.सुजीत मिश्रा, विष्णु पांडे, श्रीमती प्रवीण वर्मा, विजय सिंह चौहान सहित विभिन्न विद्यालयों के प्राचार्य एवं शिक्षकों का सहयोग प्राप्त हो रहा है। मेले में पहुंचे अभिभावकों ने इस पहल को उपयोगी बताते हुए कहा कि एक ही स्थान पर सभी शैक्षणिक सामग्री उचित दरों पर उपलब्ध होने से उन्हें सुविधा हो रही है और बच्चों की आवश्यकताएं सरलता से पूरी हो पा रही हैं। उल्लेखनीय है कि जिले के सभी विकासखंडों में भी इसी प्रकार के पुस्तक मेलों का आयोजन किया गया है, जिससे अधिक से अधिक विद्यार्थी एवं अभिभावक इसका लाभ प्राप्त कर सकें।

# ई-टोकन नियम उल्लंघन पर तीन उर्वरक विक्रेताओं को नोटिस

नवभारत न्यूज

**सीधी 5 अप्रैल। जिले में बिना ई-टोकन उर्वरक विक्रय के मामले में प्रशासन ने कार्रवाई करते हुए मे. मयंक खाद बीज भण्डार सीधी, मे. रमेश ट्रेडर्स सीधी एवं श्रीराम ट्रेडर्स पनवार को कारण बताओ नोटिस जारी किया है।**

विक्रेताओं को 2 दिवस के भीतर जवाब प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं अन्यथा एक पक्षीय वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। उप संचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास ने बताया कि ई-विकास प्रणाली के तहत 25 मार्च को आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम में सभी उर्वरक विक्रेताओं को ई-टोकन प्रणाली की जानकारी दी गई थी। साथ ही स्पष्ट निर्देश दिए गए थे कि 1 अप्रैल से बिना ई-टोकन उर्वरक वितरण पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा। इस संबंध में व्हाट्सएप ग्रुप के माध्यम से भी नियमित रूप से जानकारी साझा की जा रही थी। इसके बावजूद संबंधित विक्रेताओं द्वारा नियमों का उल्लंघन करते हुए बिना ई-टोकन उर्वरक विक्रय किया गया, जो उर्वरक (नियंत्रण) आदेश 1985 के प्रावधानों के विपरीत है। प्रशासन ने इसे गंभीरता से लेते हुए कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया है।

# कांग्रेस कार्यकर्ताओं, किसानों, युवाओं, महिलाओं एवं नागरिकों से सहभागिता का आह्वान : ज्ञान

## गेहूं खरीदी, गैस किल्लत और बढ़ते बिजली बिलों के विरोध में कांग्रेस का विशाल धरना प्रदर्शन आज

नवभारत न्यूज

**सीधी 5 अप्रैल। जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा आमजन से जुड़े प्रमुख मुद्दों को लेकर सीडब्ल्यूसी सदस्य पूर्व मंत्री कमलेश्वर पटेल की अगुवाई एवं जिले के प्रभारी दिलीप मिश्रा की विशेष उपस्थिति में 6 अप्रैल को दोपहर 12 बजे सम्राट चौक स्थित पृथ्वीराज चौहान शॉपिंग कॉम्प्लेक्स के प्रांगण में विशाल धरना-प्रदर्शन का आयोजन किया जा रहा है।**



यह प्रदर्शन भारतीय जनता पार्टी की जनविरोधी नीतियों के विरोध में किया जाएगा, जिसमें जिले भर से कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं आम नागरिकों की भागीदारी सुनिश्चित की जा रही है। धरना-प्रदर्शन के माध्यम से गेंहू खरीदी में हो रही देरी, एलपीजी गैस की किल्लत, बढ़ते बिजली बिल, किसानों एवं आम उपभोक्ताओं की परेशानियों सहित अन्य जनहित के मुद्दों को प्रमुखता के साथ उठाया जाएगा। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष ज्ञान सिंह ने सभी कांग्रेस जनप्रतिनिधियों, प्रदेश पदाधिकारियों, वरिष्ठ नेताओं, पूर्व पदाधिकारियों, जिला, ब्लॉक, मंडलम एवं सेक्टर बूथ स्तर के पदाधिकारियों, सहयोगी संगठनों एवं विभिन्न प्रकोष्ठों के पदाधिकारी कार्यकर्ताओं से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में धरना स्थल पर अनिवार्य रूप से उपस्थित रहें।

उन्होंने जिले की आम जनता, किसानों, युवाओं, महिलाओं एवं सभी वर्गों के नागरिकों से भी आह्वान किया कि यह आंदोलन उनके हक और अधिकारों से जुड़ा हुआ है इसलिए वे व्यक्तिगत रूप से शामिल होकर अपनी सहभागिता दर्ज कराएं। उन्होंने कहा कि प्रत्येक कार्यकर्ता अपने-अपने क्षेत्र से अधिक से अधिक लोगों को साथ लेकर आए ताकि यह आंदोलन व्यापक जनसमर्थन के साथ सफल हो सके और सरकार तक जनता की आवाज मजबूती से पहुंचाई जा सके।

# महिला कांग्रेस सेवादल की प्रदेश अध्यक्ष कल आएंगी सीधी

नवभारत न्यूज

**सीधी 5 अप्रैल। महिला कांग्रेस सेवादल की प्रदेश अध्यक्ष संगीता कांकरिया का 7 अप्रैल को सीधी आगमन प्रस्तावित है। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार वे प्रात: 10 बजे जवाहर कांग्रेस भवन पहुंचेंगी, जहां सेवादल के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं की बैठक आयोजित की जाएगी।**



बैठक में संगीता कांकरिया पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए संगठन की वर्तमान स्थिति, मजबूती एवं विस्तार को लेकर मार्गदर्शन देंगी। साथ ही आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा, संगठनात्मक सक्रियता बढ़ाने और जमीनी स्तर पर कार्यकर्ताओं की भागीदारी सुनिश्चित करने जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की जाएगी। इस दौरान जिला एवं ब्लॉक स्तर के सेवा दल पदाधिकारीए महिला कांग्रेस कार्यकर्ता एवं अन्य संबंधित कार्यकर्ता उपस्थित रहेंगे। बैठक का उद्देश्य संगठन को मजबूत बनानाए नए सदस्यों को जोड़ना और आगामी राजनीतिक एवं सामाजिक गतिविधियों के लिए रणनीति तैयार करना है। कार्यक्रम को लेकर स्थानीय कांग्रेस एवं सेवा दल कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल है तथा बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं की उपस्थिति की संभावना जताई जा रही है।

# सेमरिया में वृहद सामाजिक सद्भाव बैठक आयोजित, एकता व भाईचारे का दिया संदेश

नवभारत न्यूज

**सेमरिया 5 अप्रैल। सेमरिया खंड में रविवार 5 अप्रैल को वृहद स्तर पर सामाजिक सद्भाव बैठक का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन सक्रिय समाजसेवी संदीप कुमार मिश्रा द्वारा किया गया।**

कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य समाज में आपसी एकरूपता, भाईचारा एवं सामाजिक दूरी की भावना को समाप्त कर सभी वर्गों के बीच समरसता स्थापित करना था। बैठक में वक्ताओं ने कहा कि समाज की मजबूती आपसी सहयोग,



सम्मान और एकजुटता से ही संभव है इसलिए सभी को मिलकर सामाजिक सद्भाव को बढ़ावा देना चाहिए। इस अवसर पर मुख्य वक्ता के रूप में विभाग कार्यवाह अंजनी पाण्डेय ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए सामाजिक एकता, सहयोग और नैतिक मूल्यों के महत्व पर प्रकाश डाला तथा समाज को संगठित रहने का संदेश दिया। कार्यक्रम में विभिन्न वर्गों और लगभग 15 अलग-अलग जातियों के 52 लोगों की सहभागिता रही जो सामाजिक एकता का जीवंत उदाहरण प्रस्तुत करती है। प्रमुख रूप से रामप्रताप बैगा, आशीष केसरी, अमोल सिंह, विकास नारायण तिवारी, रामसजीवन गुप्ता, विजय गुप्ता, रामजी गुप्ता, अभिषेक मिश्रा, प्रिंस मिश्रा, राजबहादुर जायसवाल, विश्वजीत विश्वकर्मा, मनीष मिश्रा, संदीप त्रिपाठी, शिवम, विनोद गुप्ता, वीरू सिंह गोंड, राजबहादुर नापित, जगत बहादुर सिंह, आदर्श गुप्ता सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

### एक नजर में

### सांसद की अगुवाई में अकौरी में जल गंगा संवर्धन अभियान



**सीधी।** जिले की जनपद रामपुर नैकिन के ग्राम अकौरी की बैगान बस्ती में जल गंगा संवर्धन अभियान का आयोजन सांसद डॉ.राजेश मिश्रा की अगुवाई में किया गया। कार्यक्रम के दौरान जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामवासियों के साथ मिलकर श्रमदान करते हुए जल स्रोतों के संरक्षण एवं स्वच्छता का संदेश दिया गया। सांसद डॉ.मिश्रा ने स्वयं श्रमदान में भाग लेते हुए ग्रामीणों को जल संरक्षण के महत्व के प्रति जागरूक किया। इस दौरान जल स्रोतों की साफ-सफाई कर उन्हें संरक्षित एवं पुनर्जीवित करने के लिए सामूहिक प्रयास किए गए। इस अवसर पर सांसद ने कहा कि जल गंगा संवर्धन अभियान जनभागीदारी आधारित पहल है, जिसका उद्देश्य जल स्रोतों को संरक्षित कर आने वाली पीढ़ियों के लिए सुरक्षित रखना है। उन्होंने कहा कि जल ही जीवन का आधार है और इसके संरक्षण के लिए समाज के हर वर्ग को आगे आना होगा। उन्होंने ग्रामीणों से जल के समुचित उपयोग, वर्षा जल संचयन को अपनाने तथा जल स्रोतों की नियमित देखरेख करने की अपील की। उन्होंने ग्रामवासियों की सक्रिय सहभागिता की सराहना करते हुए इसे प्रेरणादायक बताया। कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य प्रदीप शुक्ला, उपखंड अधिकारी चुरहट विकास आनंद सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे और सभी ने मिलकर जल संरक्षण के इस अभियान को सफल बनाने का संकल्प लिया।

### गेहूं उपार्जन केन्द्रों में अधिकारियों की ड्यूटी तय

**सीधी।** रबी विपणन वर्ष 2026-27 में गेंहू उपार्जन की तैयारियों को लेकर कलेक्टर विकास मिश्रा ने उपार्जन केन्द्रों के भौतिक सत्यापन के लिए राजस्व अधिकारियों, खाद्य तथा सहकारिता विभाग के अधिकारियों की ड्यूटी निर्धारित की है। जिले में 15 अप्रैल से 12 मई 2026 तक समर्थन मूल्य पर गेंहू खरीदी की जाएगी, जिसके लिए जिला उपार्जन समिति द्वारा अनुशंसित 33 सेवा सहकारी समितियों को उपार्जन केंद्र बनाया गया है। इन केन्द्रों पर व्यवस्थाओं की जांच कर अधिकारी 8 अप्रैल 2026 तक अपना सत्यापन प्रतिवेदन अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) के माध्यम से कलेक्टर खाद्य कार्यालय में प्रस्तुत करेंगे। जारी आदेश के अनुसार उपार्जन केन्द्रों पर हाई-स्पीड इंटरनेट, निर्बाध विद्युत या जनरेटर, कम्प्यूटर/लैपटॉप, प्रिंटर, स्कैनर, यूपीएस सहित आवश्यक इलेक्ट्रॉनिक संसाधन उपलब्ध होना अनिवार्य है। साथ ही किसानों के लिए प्रतीक्षा कक्ष, पेयजल, शौचालय, छाया, बैठक व्यवस्था जैसी मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित की जाएंगी। इसके अलावा गुणवत्ता परीक्षण एवं उपार्जन के लिए कैलिब्रेटेड तौल कांटे, बड़े छनने, पंखे, परखी सहित अन्य उपकरण, उपार्जन संबंधी जानकारी वाले सूचना पटल, एफएक्यू गुणवत्ता मानक, भुगतान एवं टोल-फ्री नंबर का प्रदर्शन अनिवार्य रहेगा। किसानों की सुविधा के लिए बायोमेट्रिक डिवाइस, हेल्पडेस्क, गुणवत्ता परीक्षण कक्ष, अनलोडिंग क्षेत्र, तौल एवं अस्थाई भंडारण की समुचित व्यवस्था भी सुनिश्चित की जाएगी। साथ ही कस्टम हायरिंग एजेंसी के माध्यम से उपज की साफ-सफाई हेतु आवश्यक उपकरण भी उपलब्ध कराए जाएंगे।

# अध्यापक शिक्षक संयुक्त मोर्चा की बैठक का हुआ आयोजन

नवभारत न्यूज

**सीधी 5 अप्रैल। स्थानीय भारत होटल में अध्यापक शिक्षक संयुक्त मोर्चा के प्रांतीय आह्वान एवं निर्णय अनुसार शिक्षक पात्रता परीक्षा के विरोध में, ग्रेच्युटी एवं नियुक्ति दिनांक से वरिष्ठता की मांग को लेकर जिले के सभी अध्यापक शिक्षक संगठनों की संयुक्त मोर्चा के बैनर तले अहम बैठक आयोजित हुई।**

जिसमें आगामी 8 अप्रैल 2026 को जिला स्तरीय धरना प्रदर्शन स्थानीय पूजा पार्क में आयोजित कर मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन कलेक्टर को सौंपने एवं 11 अप्रैल को ब्लाक स्तरीय धरना प्रदर्शन एवं



मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन तहसीलदार को सौंपने तथा 18 अप्रैल 2026 को भोपाल में प्रदेश स्तरीय महासम्मेलन को पूरी संख्या बल एवं एकजुटता के साथ सफल बनाने सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया। बैठक में संयुक्त मोर्चा में सम्मिलित सभी संगठनों के पदाधिकारियों के साथ कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु समिति का गठन भी किया गया। जिसमें अनुमति एवं ज्ञापन समिति आजाद अध्यापक शिक्षक संघ, बैठक व्यवस्था-शासकीय शिक्षक संघ, बैनर-राज्य शिक्षक संघ, समाचार पत्र एवं प्रचार प्रसार-ट्राइवल वेलफेयर एसोसिएशन, पेयजल व्यवस्था-पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ, वित्तीय समिति में अरुण सिंह बांकेलाल सिंह, शैलेंद्र सिंह, हिमांशु शुक्ला, राकेश सिंह के साथ ही माईक व्यवस्था-राज्य सहायक अध्यापक संघ को सौंपा गया।

बैठक में हरीश मिश्र, सुखेंद्र सिंह, अभयराज योगी, विजय तिवारी, शिव करण सिंह, अरुण सिंह, जय भारत सिंह, श्रवण मिश्रा, प्रशांत जायसवाल, बांकेलाल सिंह, सुखधाम सिंह, सतीश सिंह, सनत कुमार सिंह, अनिल तिवारी, वीरेंद्र तिवारी, शैलेंद्र मिश्र, संजय सिंह, कमलेश पाण्डेय सहित जिले के सभी संगठनों के पदाधिकारी बैठक में उपस्थित रहे।

# डीसीए सीधी के ध्रुव पटेल का रेस्ट ऑफ एमपी ए अंडर 18 टीम में चयन

नवभारत न्यूज

**सीधी 5 अप्रैल। सीधी जिले के लिए एक और गौरवपूर्ण उपलब्धि सामने आई है। जिला क्रिकेट संघ सीधी के प्रतिभाशाली अंडर-18 खिलाड़ी ध्रुव पटेल का चयन रेस्ट ऑफ एमपी ए टीम में अंडर-18 वर्ग हेतु किया गया है।**



यह उनकी कड़ी मेहनत, अनुशासन और लगातार बेहतर प्रदर्शन का परिणाम है। ध्रुव पटेल लंबे समय से डीसीए सीधी के मार्गदर्शन में अभ्यास कर रहे हैं और अपनी शानदार बल्लेबाजी एवं ऑलराउंड प्रदर्शन से चयनकर्ताओं का ध्यान आकर्षित करते रहे हैं। रेस्ट ऑफ एमपी ए टीम में चयनित होकर उन्होंने यह साबित कर दिया है कि सीधी जिले की प्रतिभाएं अब बड़े स्तर पर अपनी पहचान बना रही हैं। जिला क्रिकेट संघ सीधी के समस्त पदाधिकारी एवं सदस्यगणों ने ध्रुव पटेल को इस उपलब्धि पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। यह उपलब्धि पूरे सीधी जिले के लिए गर्व और हर्ष का विषय है तथा आने वाले समय में अन्य युवा खिलाड़ियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेगी।

# अब गरीबों का शव परिजनों के कंधे पर नहीं बल्कि नपा के वाहन से जाएगा

## नगर पालिका सीधी के अध्यक्ष की सराहनीय परिकल्पना, परिषद की आगामी बैठक में किया जाएगा प्रस्ताव पारित

नवभारत न्यूज

**सीधी 5 अप्रैल। अभी तक आप गाहे-ब-गाहे लगभग हर महीने में एक दो बार अखबारों की सुर्खियों में पढ़ते रहे हैं कि जिले के जो भी गरीब लोग जिला मुख्यालय के जिला अस्पताल या फिर नर्सिंग होम में अपने परिजनों को उपचार के लिए लाते थे और किन्हीं कारणों वश उनकी मौत हो जाती थी तो उसके बाद उन्हें शव वाहन को लेकर के भारी दिक्कत होती थी।**

कई बार लोग अपने कंधे पर जनाजे के रूप में कई-कई किलोमीटर दूर तक अपने उसे परिजन के शव को ले जाते थे। कुछ लोग डोली खटोली में अपने परिजनों का शव वापस ले जाते थे और कई बार तो लोग शव वाहन के नाम पर यहां के वाहन मालिकों के हाथों लुट जाते थे। इन सब जटिल मानवीय समस्याओं के मद्देनजर सीधी नगर पालिका की अध्यक्ष काजल वर्मा ने अपनी एक परिकल्पना के तहत ऐसे सभी जाति वर्ग के गरीब परिवारों को बड़ी राहत देने की घोषणा की है। अब सीधी नगर पालिका सीमा अंतर्गत के निवासी हर ऐसे गरीब तपके के लोगों को जिनके परिजन का किन्ही कारणवश निधन हो जाता है और उन्हें अस्पताल से अपने घर तक ले जाने के लिए साधन उपलब्ध नहीं हो पाता, उनको नगर पालिका परिषद सीधी अपनी तरफ से मुफ्त में शव वाहन उपलब्ध कराएगी। नपा अध्यक्ष काजल वर्मा ने कहा कि अपने परिजनों की मृत्यु के दौरान भावनात्मक और संवेदनशील क्षणों में कुछ अन्य कठिनाइयों को ध्यान में रखते हुये मैंने यह तय किया है कि





आगामी परिषद में ये भी प्रस्ताव रखा जावे कि नगरीय निकाय क्षेत्रान्तर्गत निवास करने वाले सभी रहवासियों को शोक के अवसर पर शव मुक्ति धाम या गऊघाट सोन नदी तट तक ले जाने हेतु शव वाहन मुफ्त उपलब्ध कराया जावे, साथ ही गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाले सभी वर्ग के लोगों को पानी टैंकर, शोक के अवसर पर दशगात्र, तेरहवीं हेतु व सामान्य स्थिति में उत्सव के अवसरों पर भी मुफ्त उपलब्ध कराया जावे।

उन्होंने कहा कि गरीबी रेखा में जीवन यापन न करने वाले अनुसूचित जाति, जनजाति वर्ग के लोगो को भी पानी टैंकर उक्त अवसरों पर मुफ्त उपलब्ध कराया जावेए यह सुविधा अल्पसंख्यक वर्ग को भी यथारूप ही उपलब्ध कराई जावेगी। नपा अध्यक्ष ने अंत में कहा कि मेरी ये परिकल्पना है कि अब कोई भी गरीब अपने किसी परिजन की मौत पर रोते बिलखते हुए अपने कंधों पर शव लेकर न चले और दुख के क्षणों में उसे संस्कारो के लिए जल व लकडी हेतु न भटकना पड़े। इसी कल्पना के अधीन मैंने अपने कार्यकाल में उक्त सुविधाएं उपलब्ध हों इसके लिए प्रयास किया है। उम्मीद है कि आगे आने वाली परिषद भी उक्त जन कल्याणकारी प्रस्तावों को यथारूप जारी रखेंगी।

### गरीबों के सुख-दु:ख में साथ खड़ी रहेगी नपा : काजल

नगर पालिका परिषद सीधी की अध्यक्ष काजल वर्मा ने मीडिया से बात करते हुये बताया है कि अतीत में उन्होने अपने कार्यकाल में नगर पालिका क्षेत्र के सामान्य, पिछड़े, अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति, अल्पसंख्यक वर्ग के गरीब लोगों के लिए शव दाह हेतु 4 क्विंटल लकड़ी की मुफ्त व्यवस्था परिषद द्वारा प्रस्ताव पारित कराकर कर रखी है और उसका अनवरत अमल हो रहा है। उसके तहत गरीब वर्ग के लोगों को लगातार संवेदनात्मक मदद बतौर शव दाह हेतु लकड़ी उपलब्ध कराई जा रही है।

